पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राष्ट्रपति को मथुरा, कैराना और दादरी पर 'विशेष रिपोर्ट' भेजी

लखनऊः 10 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने राष्ट्रपति डॉ0 प्रणव मुखर्जी को मथुरा, कैराना और दादरी के संबंध में अपनी 'विशेष रिपोर्ट' भेज दी है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल को मथुरा, कैराना और दादरी पर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव द्वारा प्रेषित रिपोर्ट पर 29 जून, 2016 को प्राप्त हुई थी जिसका अध्ययन कर राज्यपाल ने 9 जुलाई, 2016 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति के संज्ञानार्थ प्रेषित की है।

राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत कराया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण को लेकर उनके सुझाव पर कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्य सचिव के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों को पत्र भेजकर जानकारी मांगी गयी है कि सरकारी जमीनों पर कब से और कितने अवैध कब्जे हुए हैं तथा उस जमीन की मौजूदा मालियत क्या है। सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के संबंध में किस प्रकार कार्यवाही की जायेगी इस संबंध में भी मण्डलायुक्तों से जानकारी मांगी गयी है।

अंजुम/ललित/राजभवन (240/10)